रविवार

02 अप्रैल, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज





हर हाल में प्लांट के रेल व वाटर कॉरिडोर का होगा निर्माण, सन्मार्ग का राह अपनाए किसान 3




## मध्य प्रदेश को मिली राज्य की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात

**एजेंसी/भोपाल**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। वंदे भारत ट्रेन का लोकार्पण हाईटेक कमलापति रेलवे स्टेशन पर पीएम मोदी ने किया। पीएम मोदी ने कहा कि एमपी को पहली वंदे भारत ट्रेन मिली है, जो प्रदेश के लोगों को कई सुविधाएं देगी और क्षेत्र के विकास का माध्यम बनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय रेलवे देश के छोटे शिल्पकारों और कारीगरों के काम को देश के हर कोने तक पहुंचाने का माध्यम बन रही है। अब वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत कई जगहों पर 600 आउटलेट बनाए जा चुके हैं, जहां से



करीब 1 लाक लोग खरीदी कर चुके हैं। आज देश में अनेकों रेलवे स्टेशनों का आधुनिकरण किया जा रहा है। देश के 6 हजार स्टेशनों पर वाई-फाई लगाए जा चुके हैं. वहीं, 900 से ज्यादा स्टेशनों पर सीसीटीवी लग चुका है। वंदे भारत एक्सप्रेस तो पूरे देश में हमारी युवी पीढ़ी में सुपरहिट हो चुकी है। साल भर इन ट्रेनों की सीटें फुल जा रही हैं। देश के हर कोने से इस ट्रेन को चलाने की मांग की जा रही है।

**वंदे भारत चलाने के लिए सबसे ज्यादा सांसदों की मांग :** पीएम मोदी ने कहा कि पहले सांसद कहते थे फलानी ट्रेन इस स्टेशन पर रोकने की व्यवस्था हो, लेकिन आज मुझे गर्व है जब सांसद मांग करते हैं कि हमारे यहां भी वंदे भारत जल्द से जल्द चालू हो। रेलवे यात्रियों की सुविधा बढ़ाए जाने का अभियान तेजी से चल रहा है। पीएम ने बताया कि देश के बजट में रिकॉर्ड धन राशि रेलवे के लिए आवंटित की गई है। पहले संसद में रेलवे के विकास की बात होते ही घाटे की बात होने लगती थी, लेकिन अगर विकास की इच्छाशक्ति हो और नीयत साफ हो तो नए रास्ते निकल आते हैं।

## मार्च में 1.60 लाख करोड़ से अधिक का जीएसटी कलेक्शन

❒ अप्रैल 2022 के बाद से दूसरे स्थान का सर्वाधिक बड़ा जीएसटी कलेक्शन

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**

देश में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स यानी जीएसटी कलेक्शन से सरकार की झोली भर गई है। मार्च 2023 में जीएसटी का संग्रह काफी अच्छा रहा है। मार्च 2023 में देश का जीएसटी संग्रह 1,60,122 करोड़ रुपये का रहा है। ये जीएसटी के इतिहास का अब तक का दूसरा सबसे बड़ा कलेक्शन है। गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन के लिहाज से बीते वित्त वर्ष का आखिरी महीना काफा शानदार रहा है। ये देश में जीएसटी के इतिहास का अब तक का दूसरा सबसे बड़ा राजस्व संग्रह है और



अप्रैल 2022 के बाद से दूसरे स्थान का सर्वाधिक बड़ा जीएसटी कलेक्शन साबित हुआ है। मार्च 2023 के जीएसटी कलेक्शन में ये खास बात है कि लगातार 14 महीनों से ये 1.4 लाख करोड़ रुपये के ऊपर बना हुआ है। वहीं जब से जीएसटी देश में लागू किया गया है तब से ये दूसरा ऐसा मौका है जब जीएसटी संग्रह 1.6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का रहा हो। साल दर साल आधार पर जीएसटी रेवेन्यू में 13 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

पूरे वित्त वर्ष 2022-23 की बात की जाए तो इसमें कुल 18.10 लाख करोड़ रुपये का गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन रहा है। इसके आधार पर मासिक जीएसटी कलेक्शन का आंकड़ा औसत तौर पर 1.51 लाख करोड़ रुपये का बैठता है। वित्त वर्ष 2022-23 में जीएसटी का ग्रॉस रेवेन्यू इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 22 फीसदी अधिक रहा है। ग्रॉस जीएसटी रेवेन्यू मार्च में 1,60,122 करोड़ रुपये का रहा है और इसमें से सीजीएसटी का योगदान 29,546 करोड़ रुपये का रहा है। एसजीएसटी का आंकड़ा 37,314 करोड़ रुपये का रहा और आईजीएसटी का योगदान 82,907 करोड़ रुपये का रहा जिसमें से ( 42,503 करोड़ रुपये का कलेक्शन वस्तुओं के आयात से आया) है। और इसमें सेस 10,355 करोड़ रुपये रहा है (इसमें 960 करोड़ रुपये वस्तुओं के आयात से) आया है।

**जीएसटी के लागू होने के बाद से दूसरा सबसे ज्यादा कलेक्शन :** बीते वित्त वर्ष के लिए ये चौथा मौका रहा है जब ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन ने 1.5 लाख करोड़ रुपये के रेवेन्यू संग्रह का आंकड़ा पार किया हो। ये जीएसटी के लागू होने के बाद से दूसरा सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन है। इतना ही नहीं मार्च 2023 के महीने में ही अब तक का सबसे ज्यादा आईजीएसटी कलेक्शन देखा गया है। मार्च 2023 का जीएसटी रेवेन्यू इससे पिछले वित्त वर्ष के समान महीने की तुलना में 13 फीसदी ज्यादा रहा है. इस महीने के दौरान गुड्स के इंपोर्ट से मिलने वाला रेवेन्यू 8 फीसदी ज्यादा रहा है। वहीं घरेलू ट्रांजेक्शन (सर्विसेज का आयात शामिल) भी इससे पिछले वित्त वर्ष के समान महीने के दौरान 14 फीसदी ज्यादा रिकॉर्ड किया गया है।

### रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हिसक झड़प के बाद तनाव

## नीतीश बोले: नहीं बख्शे जाएंगे उपद्रवी, विपक्ष बोला-मुख्यमंत्री नहीं चाहते अमित शाह आएं

**केटी न्यूज/पटना**

सूबे में रामनवमी को जिलों में पुख्ता तैयारियों के बावजूद कई जिलों में हिंसक झड़प हुई। जिसमें सासाराम, नालंदा, गया और भागलपुर में रामनवमी पर शोभायात्रा के दौरान हिंसक का मामला सबसे ऊपर है। इन चारों जिलों में दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। हालांकि, शनिवार को माहौल शांत रहा, लेकिन अब इन मामलों पर सियासी रंग चढ़ना शुरू हो गया है। जिसके लिए राजद ने बीजेपी पर बिहार में दंगा फैलाने का आरोप लगाया है। वहीं, सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, दूसरी ओर, भाजपा ने इस मामले को गृह मंत्री अमित शाह का सासाराम दौरा रद्द करने की साजिश बताया है।

शनिवार को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि हमारे लोगों को सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। इसलिए गृह मंत्री का कार्यक्रम रद्द करना पड़ रहा है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस पर जवाब देते हुए जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि अमित शाह जी का दौरा अफवाहों के फैलने के कारण रद्द किया गया है। सम्राट चौधरी का कहना कि उनके लोगों पर बम फेंका गया है। यह सरासर गलत है। पटना में बीपीएससी के कार्यक्रम में पहुंचे



■ राजद ने बीजेपी पर बिहार में दंगा फैलाने का लगाया आरोप

सीण्म नीतीश कुमार ने कहा कि यह सब होना बड़े दुख की बात है। हमने कह दिया है कि कौन गड़बड़ करता है, जांच कीजिए। इस तरह की घटना नहीं होती थी। सब दिन अच्छे ढंग से चल रहा था। थोड़ा बहुत इधर उधर होता था, उस पर एक्शन भी करते थे। अमित शाह के सासाराम दौरे को रद्द करने के सवाल पर नीतीश कुमार ने कहा कि हमें पता नहीं है। केंद्र के कोई भी मंत्री आते हैं तो उनकी सुरक्षा दी जाती है। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

इधर, दिल्ली में मौजूद मंत्री तेजप्रताप यादव ने कहा है कि अमित शाह जितनी बार भी बिहार आ जाएं, कोई फायदा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि इन लोगों का यही काम है, दंगा-फसाद कराना और लोगों को जाति-धर्म के नाम पर लड़ाना। मामले में सम्राट चौधरी ने कहा कि सम्राट अशोक हमारे आराध्य हैं। हम लोगों ने बहुत उत्साह के साथ उनका कार्यक्रम निश्चित किया था, लेकिन दुर्भाग्य है कि बिहार सरकार सुरक्षा नहीं दी। जिस जगह पर कार्यक्रम होना है, वहां 144 लगा दी गई है। इससे केंद्रीय गृह मंत्री का कार्यक्रम रद्द करना पड़ रहा है। नवादा में लोकसभा प्रवास का कार्यक्रम है और वहां 144 धारा नहीं लगी हुई है, इसलिए वहां कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को हम स्पष्ट बता देना चाहते हैं कि सम्राट अशोक हमारे आराध्य थे और रहेंगे। उनको सम्राट अशोक के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। बीजेपी सम्राट अशोक की विचारधारा को आगे ले जाएगी।

### डीएम ने कहा नहीं लगी धारा 144



सासाराम में धारा-144 को लेकर उहापोह की स्थिति बनी रही। धारा-144 की वजह से बीजेपी को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 2 अप्रैल का कार्यक्रम कैंसिल करना पड़ा। इधर रोहतास के डीएम धर्मेंद्र कुमार ने कहा है कि जिले में कहीं भी धारा-144 लगाने का आदेश नहीं दिया गया है। एक वीडियो सामने आया था। जांच करने पर पता चला कि लोगों को हटाने के मकसद से पुलिसकर्मी ने अनाउंसमेंट कर धारा-144 लगने की बात कही थी। इस पर राजनीति तेज हो गई है। मामले को लेकर भाजपा ने बिहार सरकार पर हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि नीतीश कुमार तो पलटी मारने वाले लोग हैं, यह तो कभी भी पलटी मार ही जाएंगे। नीतीश कुमार की सरकार लगातार जैसे झूठ बोलती है। इस मामले में भी वह झूठ बोलने का काम कर रही है।

### नालंदा में धारा 144 लागू, इंटरनेट बंद

**पटना।** बिहार के सासाराम और नालंदा में शनिवार को भी हिंसा हुई। नालंदा में शुक्रवार को जहां हिंसा हुई थी वहां से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर शनिवार को फिर हिंसा हुई। इस दौरान करीब 30 राउंड फायरिंग की गई। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब दोनों पक्षों से कोई वहां मौजूद नहीं था। फायरिंग के बाद यहां पुलिस पर भी पथराव हुआ है। बीडीओ अंजन दत्ता ने बताया कि नालंदा के बिहारशरीफ में कर्फ्यू लगा दिया गया है। इधर, सासाराम के सफ्फुलागंज में शनिवार शाम को फिर बम फेंके गए। इसके बाद पुलिस ने इलाके के घरों में सघन तलाशी अभियान चलाया है। इसमें 8 और लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस तरह अब तक कुल 25 लोगों को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है। मुंगेर में शनिवार को प्रतिमा विसर्जन के दौरान विवाद हो गया है। दो गांव में तनाव को देखते हुए एसडीएम, डीएसपी सहित कई थानों की टीम मौके पर पहुंच गई है। सासाराम में फिलहाल 5 आईपीएस अधिकारियों की तैनाती की गई है। नालंदा में धारा 144 लागू है। इंटरनेट बंद है। गया और भागलपुर में फोर्स की तैनाती की गई है। नालंदा, सासाराम और गया से अब तक 61 लोगों की गिरफ्तार की गई है। मुंगेर में शनिवार को हिंसा की वारदात सामने आई। बिहारशरीफ में हुए हिंसक झड़प में 8 एफआईआर दर्ज की गई है। लहेरी थाना में 7 और बिहार थाना में एक ऋफ्रदर्ज हुई है। लहेरी थाने में दो एफआईआर पुलिस और पांच एफआईआर लोगों ने की है। शनिवार को उपद्रव वाले इलाके में फ्लैग मार्च निकाला गया। रविवार को धारा-144 हटा दी जाएगी।

## मुख्यधारा में आएं और लोकतंत्र का हिस्सा बनें पूर्वोत्तर के बचे हुए उग्रवादी: अमित शाह

**एजेंसी/नई दल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मिजोरम में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के दौरान नॉर्थ ईस्ट में हिंसा कर रहे संगठनों से शनिवार को अपील की है। उन्होंने आइजोल में दावा किया कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पूर्वोत्तर में शांति आई है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक जमाने में यहां (मिजोरम) में संघर्ष था, यहां गोली चलती थीं, बम गिरते रहते थे। उसी जगह जोरामथंगा मुख्यमंत्री बने हैं। यह भारत के लोकतंत्र की सफलता का उदाहरण है। आज पूरे पूर्वोत्तर में जो थोड़े बहुत संगठन संघर्ष का रास्ता



अपनाए हैं, उनसे अपील करता हूं कि आप मुख्यधारा में आएं और लोकतंत्र का हिस्सा बनें। अमित शाह ने दावा किया कि आज पूरा नॉर्थ ईस्ट शांति और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। यहां पर उग्रवादी संगठन हिंसा करते थे, लेकिन हमने इस पर रोक लगाई है। पूर्वोत्तर में विकास नहीं होता था लेकिन हमने नौ साल में इसे बदल दिया। यह सब पीएम मोदी के कारण ही संभव हो पाया है।

गृह मंत्री अमित शाह ने मिजोरम दौरे पर 2,414 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।इसमें जोखवासंग में असम राइफल्स का बटालियन मुख्यालय परिसर शामिल है। इसके अलावा स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तहत एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र, राष्ट्रीय राजमार्ग 502ए के जोरिनपुई-लोंगमासु खंड के अलावा आइजोल बाईपास के दो खंडों (पैकेज 1 और पैकेज 2) और लालडेंगा केंद्र के निर्माण की आधारशिला भी रखी है।






### उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के किसानों की मदद के दिए निर्देश

## किसानों के हितों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता: योगी

**केटी न्यूज/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में विगत दिनों प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि से उपजी स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश की अद्यतन स्थिति के संबंध में राजस्व विभाग के एक प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अन्नदाता किसानों का हित सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है। विगत मार्च माह में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि के कारण किसान और कृषि उपज पर दुष्प्रभाव पड़ा है। विगत 24 घंटों में भी प्रदेश के नौ जनपदों में ओलावृष्टि की सूचना है। संकट की इस घड़ी में राज्य



सरकार किसानों के साथ खड़ी है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति अगले दो-तीन दिन और रहने की संभावना है। इसके लिए सभी आवश्यक सतर्कता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा असमय बरसात, ओलावृष्टि के कारण जिस भी किसान की फसल प्रभावित हो, उसका आकलन कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने में देर न हो।

**चेतावनियों के बारे में लोगों को जानकारी उपलब्ध कराएं :** मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि मौसम पूवार्नुमान के बारे में किसानों को समय से जानकारी उपलब्ध कराई जाए। मौसम विज्ञानियों की चेतावनियों के बारे में सुदूर गांव तक किसान को टीबी, अखबार व स्थानीय प्रशासन के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराएं। यह पूवार्नुमान 24-48 घंटे का हो। ऐसी स्थिति में जबकि लोग अलर्ट होंगे तो क्षति भी कम होगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण यदि किसी भी प्रदेशवासी की दुःखद मृत्यु होती है, मानव-वन्य जीव संघर्ष से कोई घायल होता है तो बिना विलंब किए, तत्काल पीड़ित परिवार से संपर्क किया जाए। राहत आयुक्त स्तर से आपदा राहत कोष में पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

**नियम शिथिल किए जाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार :** बरसात, तेज हवा, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक कारणों से गेहूं आदि की फसल खराब हो सकती है। जो फसल पैदा हो रही है, उसकी गुणवत्ता पर भी बुरा असर पड़ने की आशंका है। ऐसी फसल को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत खरीद की जानी चाहिए। इसके लिए आवश्यकतानुसार नियम शिथिल किए जाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल के संभावित नुकसान के कारण इस वर्ष भूसे की कमी हो सकती है। ऐसे में पशुपालन विभाग द्वारा समय से गोवंश चारे की व्यवस्था कर ली जाए।

## खबरें फटाफट

### माले की दो दिवसीय बैठक शुरू

**जहानाबाद।** भाकपा-माले का जिला कमेटी की दो दिवसीय बैठक जिला कार्यालय जहानाबाद में शुरू हुई। बैठक रविवार दोपहर को समाप्त होगी। इस बैठक में मगध जोन प्रभारी कामरेड अमर जी भाकपा-माले के जिला सचिव कामरेड श्रीनिवासन शर्मा, घोसी विधायक कामरेड रामबली सिंह यादव, किसान महासभा के राज्य सचिव कामरेड रामाधार सिंह, घोसी प्रखंड सचिव कामरेड अरुण बिंद, भाकपा-माले के जिला कार्यालय सचिव कामरेड श्याम पाण्डेय, प्रभात कुमार,वितन मांझी, भारती जी हसनैन अंसारी, ललनकिशोर आजाद, सत्येंद्र रविदास,वसी अहमद, महिला नेत्री कामरेड रेणू देवी आदि शामिल हुए।

### पूर्व डीजीपी ने रामकथा का किया वाचन

**जहानाबाद।** रामायण मंदिर के समीप गांधी मैदान में कथा के दूसरे दिन देर रात तक पूर्व डीजीपी बिहार गुप्तेश्वर पांडेय ने रामकथा का सारगर्भित प्रस्तुतिकरण देखने को मिला। सभी श्रोतागण देर रात तक कथा का रसास्वादन भक्ति भाव से जी भरकर किया। रामकथा वाचक आचार्य गुप्तेश्वर महाराज ने महर्षि वाल्मीकि प्रणीत रामायण एवं संत कवि गोस्वामी तुलसीदास प्रणीत रामचरितमानस में वर्णित भगवान श्री राम को त्रिगुणातीत, चिदानंदमय और निजेच्छा निर्मित शरीर धारी बताया।उनके अवतरण का उद्देश्य त्रिताप पीड़ित जगत का कल्याण है। इसलिए उनका नित्य निरंतर स्मरण,कथा का श्रवण और समर्पण के साथ उनकी भक्ति ही जगत के लिए कल्याणकारी है। आचार्य ने श्रोताओं को कहा कि राम कथा के महत्व का अंदाजा आप सभी इससे लगा सकते हैं कि भगवान शंकर माता पार्वती को राम की कथा सुना रहे हैं। अपने हृदय में धारण किए श्री राम से माता पार्वती को परिचित कराने की घटना ही रामकथा को महनीयता प्रदान करता है। इतना ही नहीं, महर्षि याज्ञवल्क्य ने भारद्वाज जी और कागभुशुण्डि ने गरुड़ जी को भगवान श्री राम की कथा सुनाई। ये सभी सिद्धात्मा, विमलात्मा हैं।

# जिले के कालाजार प्रभावित इलाकों के घरों में छह फीट तक दवाओं का छिड़काव जरूरी

- आईआरएस का पहला चरण शुरू, प्रभावित गांवों के हर घर में होगा दवाओं का छिड़काव
- छिड़काव की निगरानी के लिए गठित की गई टीम, पूर्व के मरीजों का होगा फॉलोअप

**केटी न्यूज/आरा**

राज्य में कालाजार उन्मूलन को लेकर सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग काफी गंभीर है। इसे सुनिश्चित करने को लेकर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत भोजपुर जिले में इनडोर रेसिडेंशियल स्प्रे (आईआरएस) शुरू किया गया। इस क्रम में 15 मार्च से लेकर 20 मई तक जिले के चिह्नित कालाजार प्रभावित गांवों में सिंथेटिक पैराथायराइड (एसपी) पाउडर का छिड़काव शुरू किया गया है। जिसके तहत जिले के चार प्रखंडों के पांच गांव में छिड़काव टीम द्वारा घर-घर जाकर एसपी पाउडर से छिड़काव किया जाएगा। अभियान की सफलता को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सारी तैयारियां पूरी कर रखी हैं। वहीं, गांवों में छिड़काव के दौरान किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए, इसके लिए निगरानी टीम का गठन किया गया हे। जो घरों में हो रहे छिड़काव की निगरानी के साथ पूर्व के मरीजों का फॉलोअप भी कर रहा है।



**जिले के पांच गांव में होगा छिड़काव :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह डीएमओ डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि आईआरएस के तहत जगदीशपुर प्रखंड के सिअरूआं, आरा सदर प्रखंड के धरहरा स्थित वार्ड नंबर 35 व जमीरा, बड़हरा प्रखंड के पूर्वी बबुरा तथा शाहपुर में पंचखोरी डेरा गांव में छिड़काव होने को है। आईआरएस के लिए संबंधित प्रखंडों से माइक्रोप्लान ले लिया गया था। प्रखंडों के साथ-साथ जिलास्तर पर भी एक माइक्रोप्लान तैयार किया गया। जिसके एक्शन प्लान के अनुसार तय मियाद में छिड़काव का कार्य पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया, कालाजार की वाहक बालू मक्खी को खत्म करने तथा कालाजार के प्रसार को कम करने के लिए आईआरएस किया जाता है। यह छिड़काव घर के अंदर दीवारों पर छह फीट की ऊंचाई तक होता है। कालाजार बीमारी परजीवी बालू मक्खी के जरिये फैलती है जो कम रोशनी वाली और नम जगहों जैसे कि मिट्टी की दीवारों की दरारों, चूहे के बिलों तथा नम मिट्टी में रहती है।

### कालाजार से बचाव के लिए दी जा रही जानकारी

केयर इंडिया के वीएल डीपीओ चंदन प्रसाद ने बताया, छिड़काव के दौरान एक भी घर छूटे नहीं, इस बात का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। जिसको लेकर छिड़काव टीम को भी आवश्यक और जरूरी निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके अलावा छिड़काव अभियान के दौरान सामुदायिक स्तर पर लोगों को कालाजार से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी भी दी जा रही है। प्रभावित गांवों में आईआरएस की शुरूआत के बाद ग्रामीणों को कालाजार के कारण, लक्षण, बचाव एवं इसके उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। ताकि, भविष्य में किसी में यह लक्षण दिखे, तो वे आशा कार्यकर्ता या पीएचसी के कर्मियों को इसकी सूचना दें। साथ ही, छिड़काव के दौरान किन-किन बातों का ख्याल रखना चाहिए, इसकी भी जानकारी दी गई।

## दुर्घटना के बाद घटना स्थल से दो गुमटियों से करीब 67 सौ रुपये भी ले भागे शरारती तत्व

# बदमाशों ने नहर में पलट दी मुर्गी और अंडे की गुमटी, दरवाजे पर खड़ी ऑटो व बाइक तोड़ी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के तरारी थाना क्षेत्र के करथ बाजार में शुक्रवार की रात शरारती तत्वों द्वारा अंडे और मुर्गी की गुमटियों को नहर में पलट दिया गया। दोनों गुमटियों से करीब 67 सौ रुपए की चोरी भी कर ली गयी है। करथ गांव निवासी एक गुमटी दुकानदार के घर के सामने खड़ी बाइक और ऑटो को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। शनिवार सुबह घटना की सूचना मिलने के बाद गांव में तनाव उत्पन्न हो गया। उसकी सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गयी। थानाध्यक्ष विजय प्रसाद तुरंत पुलिस बल के साथ पहुंच गए और घटना की छानबीन की। मामले की नजाकत को देखते हुए डीएम राजकुमार और एसपी प्रमोद के आदेश पर एसडीओ अमरेंद्र कुमार, एसडीपीओ राहुल सिंह और डीसीएलआर सहित अन्य वरीय अफसर भी करथ गांव पहुंच गये। एहतियात के तौर पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

अफसरों ने सभी लोगों से भाईचारा और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की वहीं। बैठक में मौजूद ग्रामीणों की ओर से शांति-व्यवस्था बहाल रखने का भरोसा दिया गया। वहीं, घटना की जांच में जुटी पुलिस द्वारा कुछ संदिग्धों को हिरासत में पूछताछ की गयी। इधर, एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि शरारती तत्वों द्वारा दो गुमटी पलट दी गयी थी। एक ऑटो और बाइक को भी क्षतिग्रस्त किया गया है। पूरी घटना की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज से शरारती तत्वों की पहचान की जा रही है।? कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। स्थिति बिल्कुल सामान्य है। एहतियात के तौर पर पुलिस बल को तैनात किया गया है। सौहार्द बिगाड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



- घटना से करथ गांव में तनाव गहराया, बढ़ायी गयी पुलिस चौकसी
- एसडीओ और एसडीपीओ के नेतृत्व में कैंप करती रही पुलिस
- शांति-व्यवस्था बनाये रखने को सामाजिक व प्रबुद्ध जनों की बैठक

**दो गुटों में हिंसक झड़प को रोकने के लिए पुलिस बल पर तैनात :** गुमटी पलटने के साथ ऑटो व बाइक क्षतिग्रस्त किये जाने की घटना से करथ गांव में दो पक्षों में तनाव पैदा हो गया था। शनिवार की सुबह होते ही घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गयी थी। हालांकि घटना की जानकारी मिलते ही समूचा प्रशासन हरकत में आ गया। सीनियर अफसर भी मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों के साथ बैठक कर उनके मतभेद को दूर कर दिया गया। उसमें माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों की मंशा विफल हो गयी। हालांकि किसी भी स्थिति से निपटने को आधा दर्जन थानों के अलावे लाइन से भी काफी संख्या में पुलिस बल को बुला लिया गया था। इधर, एसडीपीओ राहुल सिंह पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के साथ देर रात तक गांव में डटे रहे। मौके पर तरारी सीओ निभा कुमारी, आपूर्ति पदाधिकारी दीपक कुमार, सिकरहटा थानाध्यक्ष पवन कुमार, इमादपुर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश, चौरी थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत और हसनबाजार ओपी इंचार्ज संतोष कुमार भी देर तक कैंप करते रहे। शांति-व्यवस्था बहाल रखने में सरपंच कुवंर बहादुर सिंह सहित अन्य ग्रामीणों की भूमिका काफी सराहनीय रही।

**अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज :** वहीं, घटना को लेकर करथ गांव निवासी मो. माजिद की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उसमें अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि शनिवार की सुबह मोबाइल पर सूचना मिली कि करथ बाजार में उनकी गुमटी किसी अज्ञात द्वारा नहर में पलट दी गयी है। उस सूचना पर वह बाजार जाने के लिए घर से निकले तो देखा कि दरवाजे पर खड़ी उनकी बाइक और ऑटो में भी तोड़फोड़ की गयी है। बाद में वह बाजार पहुंचे तो देखा कि उनकी गुमटी नहर में गिरी है और मुर्गी बिक्री के दो हजार रुपए भी गायब है।उसी दौरान पता चला कि सलाउद्दीन की अंडे की गुमटी भी नहर में पलटी है। उनकी गुमटी से भी अंडा बिक्री के 47 सौ रुपए गायब थे। पुलिस शरारती तत्वों की पहचान और धरपकड़ में जुटी है। उसके लिए बैंक के पास लगी सीसीटीवी को पुलिस खंगाल रही है।

## एक नजर

### ट्रक पलटने से दो मजदूर की मौत, आधा दर्जन से अधिक मजदूर हुए जख्मी



**जहानाबाद।** एनएच 83 पर शनिवार की सुबह मई हाल्ट के समीप एक ट्रक पलटने से 2 मजदूर की मौके पर मौत हो गई और लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए है। सभी घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल जहानाबाद भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि ट्रक जहानाबाद से सरिया लेकर टेहटा जा रहा था । और इस ट्रैक पर मजदूर सवार थे तभी अचानक मई हॉल्ट के समीप ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें घटनास्थल पर ही मनीष मांझी एवं पप्पू यादव की मौत हो गई एवं इस घटना में पप्पू कुमार जावेद अंसारी अक्षर अंसारी मितेश मांझी सुधीर मांझी कालेज मांझी टुनटुन मांझी प्रेमचंद मांझी इत्यादि लोग घायल हो गए सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जाती है मुकेश मांझी कॉलेज मांझी दोनों की हालत गंभीर देखते हुए इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अशोक पांडे एवं अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। आसपास के लोगों का कहना है कि ट्रक ड्राइवर तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण यह घटना घटी है पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है जैसे ही इतनी बड़ी घटना हुई, सड़क पर अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया है भारी संख्या में सड़क पर लोग इकट्ठे हो गए हैं लोगों का बताना है कि आसपास के लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । एवम घटनास्थल पर पहुंचकर अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक पाण्डे ने परिजनों को समझा-बुझाकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जहानाबाद लाया गया है वही एनएच 83 पर करीब तीन घंटे सड़क बाधित रहा जैसे ही मृतक एवं घायल के परिजनों को इस बात की खबर लगी उसके परिजन दौड़े-दौड़े घटनास्थल पर एवं अस्पताल पहुंचकर पहुंचे जैसे ही अपने परिजनों को देखा परिवार वालों के रो रो कर बुरा हाल है।

### नीरा परियोजना का मुख्य उदेश्य लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है : डीएम

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा आज जहानाबाद सदर प्रखंड के मुठेर पंचायत अंतर्गत सेहबाजपुर गांव में जीविका द्वारा संचालित नीरा उत्पादन -सह- बिक्री केन्द्र का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि नीरा परियोजना का मुख्य उदेश्य लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है। नीरा एक शुद्ध एवं पौष्टिक पेय पदार्थ है। इसमें अनेक प्रकार के पोषक तत्व पाये जाते है, जो अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि नीरा का उत्पादन ताड़ के पेड़ से किया जाता है, नीरा उत्पाद एवं बिक्री में लगे लोगो को जीविकोपार्जन की अच्छी संभावनाएं है। नीरा उत्पादन -सह- बिक्री केन्द्र की शुरूआत कर दी गई है। नीरा केन्द्र प्रतिदिन सुबह 06:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जहानाबाद जिले के विभिन्न स्थानों पर स्थायी एवं अस्थायी रूप से कई नीरा कॉउन्टर खोला जाना है। इस कॉउन्टर के माध्यम से जीविका को रोजगार मिलेगा। जहानाबाद जिले में प्रतिदिन 1500 लीटर से 1700 लीटर नीरा की बिक्री करने का लक्ष्य दिया गया हैं। इन नीरा कॉउन्टर पर प्रतिदिन ग्राहको को ठंडा एवं शुद्ध नीरा उपलब्ध कराया जाएगा।



### जिले में यूथ एवं इको क्लब के माध्यम से होगा बच्चों में कौशल विकास: राजीव

**जहानाबाद।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बाजार टाली में यूथ एवं इको क्लब गठित होने के बाद विद्यार्थियों को सह शैक्षिक गतिविधियों से जोड़कर उनका कौशल विकसित किया जा रहा है। साथ ही पर्यावरण सुरक्षा के कार्य से जोड़कर इसके प्रति जवाबदेह बनाया जा रहा है। इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधान सह यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी राजीव कुमार रंजन की अध्यक्षता में यूथ क्लब के नोडल शिक्षक शिवानी प्रकाश, अध्यक्ष आयुष कुमार, सचिव अंजली कुमारी तथा इको क्लब के नोडल शिक्षक स्वाति प्रिया, अध्यक्ष अंकित कुमार, सचिव प्रवीन कुमार सहित दोनों क्लब के सभी 40 सदस्यों के साथ बैठक हुई। जिसमें शारीरिक क्षमता के विकास हेतु योगासन एवं कचरा प्रबंधन जैसे गतिविधियों का कार्य रूप दिया गया। क्लब के इंचार्ज राजीव कुमार रंजन ने बताया कि पिछले वर्ष 2022 के अगस्त माह में गठित यूथ एवं इको क्लब द्वारा वार्षिक कैलेंडर के अनुसार विद्यालय स्तर पर महापुरुषों की जयंती मनाने, विद्यालय परिसर में तुलसी जैसे औषधीय पौधे लगाने सहित विद्यार्थियों में आत्म सम्मान एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देने, बच्चों को तनाव, भय एवं शर्म जैसे नकारात्मक भावनाओं से ऊपर उठाने सहित पर्यावरणीय गतिविधियों पर कार्य किया जा रहा है। बैठक में सुबोध कुमार, नागेंद्र कुमार, विश्व रंजन, मनोज कुमार, मनोरमा कुमारी, सोनी कुमारी, रूंती कुमारी, ममता कुमारी सभी शिक्षक शिक्षिका एवं कंप्यूटर टीचर फरकुंडा जब्बी उपस्थित थे।



## मिक्सर से मसाला पीसने के दौरान करंट लगने से किशोरी की मौत

**आरा।** जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के मलौर गांव में शनिवार की सुबह करंट की चपेट में आने से किशोरी की मौत हो गयी। मसाला पीसने के लिए मिक्सर का प्लग लगाने के दौरान वह करंट की चपेट में आ गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृत किशोरी मलौर गांव निवासी प्रहलाद कुमार की 14 वर्षीया पुत्री रुपाली कुमारी थी।

उसके पिता ने बताया कि शनिवार की सुबह वह घर में मिक्सर मशीन से मसाला पीसने जा रही थी। उसके लिए उसने जैसे ही मिक्सर का प्लग इलेक्ट्रिक बोर्ड में लगाया। उसे करंट का जोरदार झटका लगा और वह बुरी तरह झुलस गयी। इसके बाद उसे इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे चिंताजनक देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर टाउन थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि किशोरी पांच बहन और एक भाई में सबसे बड़ी थी। उसके के परिवार में मां रंजू देवी, बहन सोनाली, बुचन, स्नेहा, छोटी और भाई उज्जवल है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## युवक को गोली मारने में 7 पर प्राथमिकी, एक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

नगर थाना क्षेत्र के मौलाबाग इलाके में दो रोज पूर्व धोबहां ओपी क्षेत्र के भदेया गांव के एक युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस की कार्रवाई तेज हो गयी है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने उस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वह नगर थाना क्षेत्र के न्याय नगर निवासी राकेश सिंह का पुत्र शिवांश कुमार है। उस पर अपने साथियों के गोली मारने के लिए अपने एक सहयोगी को ललकारने का आरोप है। वहीं इस मामले में जख्मी धनश्याम सिंह के फर्दबयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें न्याय नगर निवासी शिवांश कुमार, क्रांति किशोर राय के पुत्र कर्तव्य कुमार और मुफस्सिल थाने के भकुरा गांव निवासी निर्मल कुमार सिंह के पुत्र आंशु को नामजद किया गया है। आंशु फिलहाल नगर थाने के नाला मोड़ इलाके में रहता है। चार अन्य अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है।



हालांकि प्राथमिकी में गोली मारने के कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है।वैसे पुलिस पूर्व के विवाद में गोली मारे जाने की बात कह रही है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि युवक को गोली मारे जाने के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी और घटना का खुलासा करने को एएससी हिमांशु के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम की ओर तकनीकी जांच के जरिए अपराधियों की पहचान करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। अन्य की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है।

धोबहां ओपी क्षेत्र के भदेया गांव निवासी धनश्याम सिंह की ओर से दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वह गुरुवार को गांव से वह आरा आया था। पुरानी पुलिस लाइन में टेंपो से उतरने के बाद वह पकड़ी निवासी विभू पंडित के साथ स्कूटी से रामनवमी जुलूस देखने रमना गया था। लौटते समय गायत्री मंदिर के समीप आरोपितों ने उसे घेर लिया और गोली मारने की बात करने लगे। खतरा भांप वह स्कूटी से कूदकर भागने लगा और मौलाबाग स्थित एक झाड़ी में छुप गया। तब आरोपित भी पीछा करते वहां पहुंच गये। वहां आरोपितों ने उसे घेर लिया। तब शिवांश कुमार और कर्तव्य कुमार द्वारा गोली मारने के लिए ललकारने लगे। उस पर आंशु द्वारा उसे पीछे से गोली मार दी गयी। उसके बाद वह भाग कर शांति नगर जाने वाली गली के पास गिर गया था। तब कुछ लोगों द्वारा उसे अस्पताल पहुंचाया गया था।

## टीबी मुक्त वाहिनी के 5 वर्ष पूरे होने पर राज्यस्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

# सूबे में जनता से संवाद का सेतु बनें टीबी चैंपियंस: डॉ. बीके मिश्र

- टीबी मुक्त पंचायत का सपना होगा साकार, सरवाईवर नेटवर्क के कार्यों की हुई समीक्षा

**केटी न्यूज/पटना**

ह्लगरीबी, साधनों का अभाव और जागरूकता की कमी टीबी का सबसे बड़ा कारण है। टीबी मुक्त वाहिनी में शामिल टीबी चैंपियंस जन समुदाय से संवाद का सेतु बनने का प्रयास करें। इससे लोगों में यह समझ बनेगी की टीबी से संपूर्ण मुक्ति मिलेगी और संक्रमित व्यक्ति उपचार के बाद पूर्णतः स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी सकता है। यक्ष्मा मरीजों को गोद लेने के अलावा निक्षय मित्र टीबी मरीजों के खिलाफ समाज में फैले भेदभाव को दूर करने का प्रयास करें। सभी के सामूहिक प्रयास से ही टीबी उन्मूलन का सपना साकार हो सकता हैह्व, उक्त बातें टीबी सरवाईवर नेटवर्क के कार्यों की समीक्षा एवं टीबी मुक्त वाहिनी के 5 वर्ष पूरे होने पर राज्यस्तरीय बैठक में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा, डॉ. बीके मिश्र ने कही।



**टीबी मुक्त पंचायत का सपना करें साकार:** बैठक में अपने संबोधन में डॉ. मिश्र ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत से टीबी उन्मूलन अभियान का प्रयास सार्थक साबित होगा। सभी क्रियाशील हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में जहां सीएचओ की नियुक्ति हो वहां 2 टीबी चैंपियंस नियमित रूप से उक्त सेंटर पर लोगों को टीबी को लेकर जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि टीबी चैंपियंस पंचायत स्तर पर मुखिया एवं अन्य जन प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर समुदाय में टीबी की अलख जगाने का कार्य करेंगे। डॉ. मिश्र ने बताया कि उन्मूलन अभियान की सफलता के लिए हर आशा कार्यकर्ता प्रति 1000 हजार की आबादी पर 50 टीबी मरीजों को चिन्हित कर उनकी जांच, दवा एवं पूर्ण उपचार सुनिश्चित करे। साथ ही निजी चिकित्सकों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। निक्षय पोषण योजना के तहत मरीजों को मिलने वाली पोषण सहायता राशि की नियमितता सुनिश्चित होनी चाहिए। समुदाय से लोगों को आगे आकार निक्षय मित्र बन अपनी भूमिका निभानी होगी और मरीजों को दवा का पूरे कोर्स के सेवन के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

**जन प्रतिनिधियों की बढ़ाई जाये भूमिका:** इस अवसर पर पटना के वार्ड नंबर 32 की वार्ड पार्षद पिंकी यादव ने कहा कि पटना शहर से टीबी उन्मूलन करने के लिए सभी चुने गए वार्ड सदस्यों का टीबी पर उन्मुखीकरण किया जाना चाहिए। साथ ही उनके साथ नियमित बैठक कर उनसे सहयोग प्राप्त करने की रणनीति पर चर्चा होनी चाहिए जिससे सदस्य अपने वार्ड में टीबी के बारे में समुदाय को जागरूक कर सकें।

### 24 जिलों में 546 प्रशिक्षित टीबी चैंपियंस कार्यरत

बैठक में टीबी मुक्त वाहिनी, बिहार के सचिव सुधेश्वर सिंह ने बताया कि आज टीबी मुक्त वाहिनी के 5 वर्ष पूरे हो चुके हैं। उन्होंने टीबी मुक्त वाहिनी द्वारा किये गए विभिन्न कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कोरोना काल में टीबी मुक्त वाहिनी के सदस्यों द्वारा किये गए कार्यों के बारे में बताया और आगे की कार्ययोजना पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राज्य में 546 प्रशिक्षित टीबी चैंपियंस 24 जिलों में कार्यरत हैं। ये जिले हैं- पटना, मुजफ्फरपुर, नालंदा, वैशाली, सुपौल, लखीसराय, बक्सर, समस्तीपुर, सारण, दरभंगा, किशनगंज, पुर्णिया, गया, भोजपुर, बांका, सीतामढ़ी, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, भागलपुर, अररिया, जमुई, गोपालगंज एवं जहानाबाद।

## खबरें फटाफट

### सड़क दुर्घटना में दंपति जख्मी

**डुमरांव।** कोरानसराय में शनिवार की शाम हुए एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपति जख्मी हो गए है। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल 112 नंबर पुलिस टीम के द्वारा जख्मी दंपति को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जख्मी दंपति की पहचान सिकरौल थाना क्षेत्र के सतुहड़ी गांव निवासी अनिल प्रसाद व उनकी पत्नी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अनिल अपनी पत्नी को बाइक पर बैठा डुमरांव की तरफ से अपने गांव लौट रहे थे। कोरानसराय बाजार के पास अचानक सड़क पर आए कुत्ते को बचान के प्रयास में उनकी बाइक असंतुलित हो पलट गई। जिससे दंपित जख्मी हो गए। स्थानीय निवासियों की मानें तो उनकी पत्नी को गंभीर चोटें आई है।

### अभिकर्त्ता संघ के अध्यक्ष चुने गए श्रीभगवान प्रसाद

**बक्सर।** शनिवार को जिला राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता संघ के द्वारा सचिव पद के लिए सूर्य कंपलेक्स में चुनाव संपन्न कराया गया। 25 मार्च को दो अभिकर्ताओं द्वारा ही नामांकन का पर्चा दाखिल किया गया था। मतदान के दौरान कुल 174 ऐजेंट ने भाग लिया। मतदान शांतिपूर्ण तरीके से कराया गया। गिनती के दौरान गिरीश चौबे को 133 मत और राम अयोध्या सिंह को 41 अभिकर्त्ताओ के मत प्राप्त हुए। इस तरीके से सचिव पद के लिए गिरीश चौबे 92 मत से विजयी घोषित किया गया। संघ का अध्यक्ष पद के लिए श्रीभगवान प्रसाद निर्विरोध चुना गया। कोषाध्यक्ष पद पर शशिभूषण राय को निर्विरोध चुना गया। राजेंद्र तिवारी,मोहन चौबे, आमोद दुबे, रोहित उपाध्याय, रणविजय चौबे, अजय दुबे, तारकेश्वर प्रसाद, राजकुमार, विनीत लाल श्रीवास्तव, रामनारायण समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए हजारों लोग, अर्पित किए श्रद्धा सुमन

❑ पैतृक गांव बन्नी भरखरा में आयोजित हुआ था श्राद्धकर्म

**केटी न्यूज/बक्सर**







भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह बक्सर पत्रकार संघ के पिता स्व बबन उपाध्याय का श्राद्धकर्म सह श्रद्धांजलि सभा शनिवार को संपन्न हुआ। इस दौरान सामाजिक, राजैनैतिक क्षेत्र से जुड़े हजारों लोग उनके श्राद्धकर्म में शामिल हुए तथा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्राद्ध कर्म का आयोजन उनके पैतृक गांव बन्नी भरखरा में हुआ। वैदिक विधान से श्राद्ध कर्म के विधानों को पूरा करने के बाद ब्रह्मभोज का आयोजन भी हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा तथा अन्य राजैनतिक दलों के साथ ही विविध सामाजिक क्षेत्रों में सक्रिय लोग उनके पैतृक गांव पहुंचे थे। बता दें कि 21 मार्च को 80 वर्ष की उम्र में स्व उपाध्याय का निधन हार्ट अटैक आने से बक्सर सदर अस्पताल में हो गया था।

शनिवार को उनके श्राद्धकर्म में पहुंच श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में जिले के चर्चित व्यवसायी व सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप राय, राजपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र शुक्ल उर्फ रूना शुक्ल, कैथहर कला पंचायत के पैक्स अध्यक्ष बिनोदानंद ओझा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद भगत, माधुरी कुंवर, भाजपा पंचायती राज मंच के प्रदेश संयोजक ओमप्रकाश भुवन, वरिष्ठ भाजपा नेता कतवारू सिंह, भाजपा नेता गोपाल जी चौबे, बलराम पांडेय, डॉ. राजेश सिन्हा, मिठाई सिंह, सतीश दूबे, सतीशचंद्र त्रिपाठी, जयप्रकाश राय, अनु तिवारी, गिट्टू तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता विजय मिश्र, पत्रकार ओंकारनाथ मिश्र, शुभनारायण पाठक, अनिल कुमार ओझा, दिलीप ओझा, अरबिंद कुमार चौबे, रजनीकांत दूबे, मो मोईन, बिनोद कुमार, अरबिंद तिवारी, शंकर पांडेय, संघ के विमल कुमार समेत हजारों लोग शामिल थे। वक्ताओं ने कहा कि स्व उपाध्याय जैसा व्यक्तित्व विरले ही पैदा होते है। वे आजीवन संघ परिवार व भाजपा के सिद्धांतों से जुड़े रहे थे। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक व राजनीतिक जीवन में उनकी शुचिता अनुकरणीय है। उनकी कमी आजीवन खलते रहेगी।

### चौसा के निमार्णाधीन थर्मल पॉवर प्लांट के सीईओ ने प्रेस वार्ता कर की अपील

# हर हाल में प्लांट के रेल व वाटर कॉरिडोर का होगा निर्माण, सन्मार्ग का राह अपनाएं किसान

■ चार महीने से अधिक समय से चला आ रहा है गतिरोध, कहा- प्रोजेक्ट से सबसे ज्यादा किसानों को होगा फायदा

**केटी न्यूज/चौसा**



चौसा थर्मल पॉवर प्लांट तथा उसके अंदर रेल तथा वाटर कॉरिडोर का निर्माण हर हाल में पूरा होगा। काम बाधित होने से राज्य व केन्द्र सरकार दोनों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस प्रोजेक्ट से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। उक्त बातें शनिवार को चौसा में निमार्णाधीन 1320 मेगावॉट पॉवर प्लांट के सीईओ मनोज कुमार ने कही है। वे पिछले चार महीने से अधिक समय से किसानों के साथ चले आ रहे गतिरोध के मुद्दे पर प्रेस वार्ता आयोजित किए थे। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ जिन मुद्दों पर गतिरोध था वह लगभग सुलझा लिया गया है। अब महज कुछ बातें रह गई है। उन्होंने स्थानीय किसानों से सन्मार्ग के राह पर चलने तथा कंपनी तथा इसके अंदर निमार्णाधीन पेयजल आपूर्ति व रेलवे लाइन बिछाने के काम में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। कंपनी का काम बाधित होने से केन्द्र व राज्य दोनों सरकारों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की जितनी मांगें थी उसमें अधिकांश का समाधान कर दिया गया है। प्रोजेक्ट फुल फ्लेज में शुरू होने के बाद इसका सबसे ज्यादा लाभ स्थानीय लोगों को ही मिलेगा।

**किसानों का आरोप- जमीन का नहीं मिला उचित मुआवजा :** बता दें कि कंपनी द्वारा जलापूर्ति के लिए पाइप तथा रेलवे लाइन बिछाने के लिए स्थानीय किसानों के जमीन का अधिग्रहण किया गया है। किसानों का आरोप है कि उनकी जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिला है। जबकि कंपनी द्वारा जमीन अधिग्रहण के साथ ही इसका मुआबजा राज्य सरकार को दिया गया था। कई किसान मुआवजे की राशि को कम बता लेने से इंकार कर दिए है। इस मसले पर किसान पिछले चार महीने से अधिक समय से आंदोलन पर डटे है।

**पुलिस के साथ भी हो चुका है आंदोलनकारियों का टकरांव :** बता दें कि पिछले दिनों उग्र आंदोलन कर रहे किसानों के घर रात में घुस स्थानीय पुलिस ने आंदोलनकारी किसानों तथा उनके परिजनों की पिटाई की थी। इसके अगले दिन ही किसानों ने हिंसक रूख अख्तियार कर कंपनी पर हमला बोल दिया था। इस दौरान पुलिसकर्मियों पर ईंट पत्थर से हमला के साथ ही कंपनी की संपति, वाहनों, पुलिस वाहन आदि को आग लगा नष्ट कर दिया गया था। पूरे दिन चले इस उपद्रव के बाद कई दिनों तक चौसा में जमकर सियासत भी हुई।

### हजारों लोगों को मिल रहा है रोजगार

कंपनी सीईओ ने कहा कि इस पॉवर प्लांट प्रोजेक्ट से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है। कंपनी में बड़ी संख्या में कामगर मजदूरी कर रहे है। जिससे उनके परिवार का जीवन यापन हो रहा है। इसके अलावे आस पास में छोटे-मोटे व्यवसायियों द्वारा दुकानें खोली गई है। इन दुकानों का संचालन भी कंपनी के मजदूरों के भरोसे ही होता है। दुकानों पर भी सैकड़ो लोगों को रोजगार मिला है। इसके अलावे कई लोग कंपनी को विभिन्न तरह के दैनिक उपयोग के सामानों की आपूर्ति कर आजीविका चला रहे है। किसानों द्वारा विरोध करने तथा काम ठप कराने से सभी को नुकसान हो रहा है। उन्होंने किसानों को सहयोगात्मक रवैया अपाने को कहा और बताया कि किसी की हकमारी नहीं की जाएगी।

## राहुल गांधी की लोकप्रियता से डर कर भाजपा ने रद्द करायी सदस्यता: विधायक आनंद शंकर

**बक्सर।** कांग्रेस ने राहुल गांधी के लोकसभा से सदस्यता खत्म करने की मामला मोर्चा खोल दिया है। भाजपा के तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने की शपथ लेकर कार्यकर्त्ता संसद से लेकर सड़क पर है। इसी क्रम में शनिवार को कांग्रेस कार्यालय बक्सर में औरंगाबाद के विधायक आनंद शंकर ने प्रेसवार्ता आयोजित की। विधायक ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हल्ला बोला।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की तानाशाही तरीके से चला रही है। जिसे बर्दास्त नही किया जाएगा। विधायक ने कहा कि साजिश के तहत राहुल गांधी को पहले सजा दिलाई गयी फिर सांसद की सदस्या को रद्द किया गया। उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने परम मित्र अडानी को बचाने के लिए देश के लोकतंत्र का गला घोट रहे हैं। आनंद ने कहा कि राहुल गांधी ने मोदी जी से अदानी के बारे में सीधी सवाल कर दिया है। जिनकी आवाज को दबाने के लिए नरेंद्र मोदी ने आनन-फानन में 2019 के मृतप्राय मामले को उजागर कर कारवाई किया है। अडानी का तेल कंपनियों में 20000 करोड लगाया गया है। इस पैसे को खुद कमा नहीं सकता उन्होंने कहा कि गरीबों की एलआईसी एवं एसबीआई बैंक में रखी गए रुपए का पूरी तरह दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का अदानी से क्या रिश्ता है। अदानी के विमान में आराम फरमाते हुए पीएम मोदी की तस्वीर दिखाई उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के संसद में अदानी के घोटाले की भाषण के ठीक 9 दिन बाद उनके खिलाफ मानहानि का मामला फिर से शुरू किया गया। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण में अदानी घोटाले के महत्वपूर्ण और राहुल गांधी के भाषण को संसद के रिकॉर्ड से खत्म कर दिया गया है।

# पत्रकार के भाई की सड़क हादसे में मौत, शोक में डूबा परिवार

♦ गुरुवार की रात दानी कुटिया के पास अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर

**केटी न्यूज/बक्सर**





बक्सर के चर्चित पत्रकार पंकज भारद्वाज के भाई व आईटीबीपी के जवान पवन कुमार पांडेय (40 वर्ष) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। इस मनहूस घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के स्व पवन पांडेय आईटीबीपी के जवान थे तथा एक महीना पहले ही पैतृक गांव राजपुर थाना क्षेत्र के सरांव में घर बनवाने की छुट्टी लेकर आए थे। गुरूवार की रात गांव से बक्सर आने के दौरान दानी कुटिया के पास अज्ञात वाहन के धक्के से गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे।

स्थानीय स्तर पर प्राथमिक इलाज के बाद परिजन बेहतर ईलाज के लिए उन्हें लेकर वाराणसी गए थे। जहां शुक्रवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। स्व पांडेय अपने पीछे पत्नी रानी पांडेय, दो बेटा, एक बेटी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। उनके निधन की खबर मिलते ही आईटीबीपी के जवान भी उनके अंतिम दर्शन करने आए थे। बक्सर के मुक्तिधाम चरित्रवन घाट पर पूरे सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान आईटीबीपी के जवानों द्वारा परंपरा के गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वही इस घटना के बाद पूरा परिवार टूट सा गया है। जिले के पत्रकारों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक व राजनैतिक कार्यकताओं ने शोक जताते हुए दुःख की इस घड़ी में पत्रकार पंकज भारद्वाज के साथ खड़े होने की सांत्वना दी है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष डा शशांक शेखर उपाध्याय, चंद्रकांत निराला, राजू ठाकुर, बक्सर पत्रकार संघ अध्यक्ष अविनाश उपाध्याय, अरबिंद कुमार चौबे, रजनी कांत दूबे, मनीष कुमार, रविशंकर श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, वरूण सिंह, रंजीत पांडेय, बादल कुमार, गोलू सिंह, उपेन्द्र सिंह, अमर केशरी, गुलशन, हिमांशु भूषण, रविन्द्र दूबे, संजीव दूबे, अमित उपाध्याय, शंकर पांडेय, भाजपा नेता डा राजेश सिन्हा, सौरभ तिवारी व अन्य शामिल हैं।

### मां काली स्पोर्टिंग क्लब खीरी के तत्वावधान में आयोजित हुई थी महिला फुटबॉल प्रतियोगिता

# जमुई को 2-1 से पराजित कर यूपी की टीम ने जीती महिला फुटबॉल प्रतियोगिता

● विधायक विश्वनाथ राम व विधान पार्षद राधा चरण सेठ थे उपस्थित

**केटी न्यूज/राजपुर**



प्रखंड के खीरी खेल मैदान पर जय मां काली स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में चल रहे फुटबॉल टूनार्मेंट के अंतिम दिन बिहार के जमुई एवं उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की टीम के बीच फुटबॉल मैच खेला गया। जिसमें गोरखपुर की टीम ने जमुई की टीम को 2-1 से पराजित कर शील्ड व इनामी राशि पर कब्जा जमाया। मुकाबले का उद्घाटन विधान पार्षद राधाचरण सेठ व स्थानीय विधायक विश्वनाथ राम ने संयुक्त रूप से फिता काट तथा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। विधान पार्षद राधाचरण ने कहा कि आज बदलते समय के साथ बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। हम सभी को सहयोग करने की जरूरत है। आने वाले समय में इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव मदद करेंगे। विधायक विश्वनाथ राम ने कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए मैने राज्य सरकार से राजपुर में स्टेडियम निर्माण की मांग की है। शीघ्र ही इस क्षेत्र में स्टेडियम बनेगा। जिसके बाद खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अपना जौहर दिखाएंगे।

60 मिनट के निर्धारित खेल में दोनों टीम के खिलाड़ी बहुत ही रोमांचक तरीके से खेल को शुरू किया। पहली पारी के आरंभ के कुछ ही समय के बाद उत्तर प्रदेश की टीम ने एक गोल दागकर अपना बढ़त बना लिया और थोड़ी देर बाद दूसरा गोल कर 2-0 की बढ़त बना ली। पहले हॉफ के बाद बाद बिहार की टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए एक गोल दागकर स्कोर 2-1 कर दिया, जो अंत तक बरकरार रहा। इस प्रकार उत्तर प्रदेश की टीम को विजेता घोषित किया गया। इस मैच को देखने के लिए क्षेत्र के हंकारपुर, सोनी ,संगराव, मंगराव, देवढ़िया, कैमूर जिला के मुखरांव के अलावा दर्जनों गांव से पहुंचे हजारों की संख्या में दर्शकों ने खिलाड़ियों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। वुमैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सोनाली कुमारी को दिया गया। मौके पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि मुखिया अनिल सिंह, अजय कुमार, ललन रजक, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपेंद्र सिंह, संजय सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जबकि इस टूनार्मेंट को सफल बनाने में अध्यक्ष धनजी तिवारी, संतोष सिंह, कमलेश पासवान, विश्वामित्र शर्मा, अशोक चौहान, अशोक लाल, योगेंद्र चौहान के अलावा अन्य लोगों का काफी सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर

### त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन, उत्कृष्ट विद्यालय बनाने पर हुई चर्चा



**नावानगर।** सोनवर्षा के सरस्वती विद्या मंदिर में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष विश्वनाथ शाह एवं भोजपुर विभाग के विभाग प्रमुख वीरेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय की ओर से सभी आगंतुकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष एवं विभाग प्रमुख के द्वारा तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला के कार्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यालय किस प्रकार से इस सोनवर्षा नगर का उत्कृष्ट विद्यालय बनाया जा सके, इस विषय पर अपना विचार रखा। विद्यालय में भौतिक आंतरिक शिक्षण व्यवस्था को कैसे हम सफल बना सकते हैं जिसमें आचार्य परिवार समिति परिवार के कार्य पर भी मार्ग प्रशस्त किए गए। त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला में प्रकाश चंद्र प्रधानाचार्य ने अपने तीन दिवसीय कार्यशाला से संबंधित उद्देश्यों को प्रस्तावना के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यशाला में रामाकांत पाठक, सुदर्शन कुमार चौधरी, राजदीप कुमार, सत्येंद्र कुमार, चंदन कुमार, प्रिया पांडेय, बसंती देवी, रूबी देवी, संगीता देवी, टिंकू देवी, रवीना कुमारी, मोनी कुमारी, नंदनी कुमारी समेत अन्य आचार्य मौजूद थे।

### श्रीमद्भागवत कथा अनुष्ठान पूर्वक सुनने पर होता है कल्याण-प्रज्ञा शास्त्री



**नावानगर।** लालच मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। पलभर सुख भोगने के लालच में किसी के साथ विश्वासघात नहीं करनी चाहिए। अन्यथा इसका परिणाम आपको भुगतना पड़ेगा। उक्त बातें शनिवार को भटौली काली मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा सप्ताह के दौरान कथावाचिका प्रज्ञा शास्त्री ने कही। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा अनुष्ठान पूर्वक सुनने पर कल्याण होता है। कथा एकाग्रचित्त होकर सुनने पर फल प्राप्ति होती है। बता दें कि बीते गुरुवार को जलयात्रा के साथ इस सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सह ज्ञान यज्ञ शुरू हो गई है। जिसकी पूणार्हुति आगामी 6 अप्रैल को भंडारा के साथ संपन्न होगी। ज्ञान यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि ज्ञान यज्ञ श्री श्री 1008 श्री त्यागी बाबा के नेतृत्व में किया जा रहा है। उन्होंने बताया ज्ञान यज्ञ में वृंदावन के मदन गिरी जी महाराज, अयोध्या के प्रज्ञा शास्त्री, मथुरा के राघवानंद जी महाराज द्वारा प्रवचन की जा रही है। जबकि रात्रि में रामलीला कार्यक्रम की जा रही है। इस आयोजन से गांव का माहौल भक्तिमय बन गया है। सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु महिला व पुरूष इसमें शामिल हो रहे है। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीण युवा सराहनीय भूमिका निभा रहे है।

### वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने दर्शकों का मोहा मन




**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र के पश्चिमी शिवपुर गांव स्थित इंडस ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल का पहला वार्षिकोत्सव शनिवार को मनाया गया। जिसमें एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह, जिला परिषद सदस्य डॉ राजीव कुमार, केसठ मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक अख्तर अली ने किया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। वहीं कुछ बच्चों द्वारा मॉडल भी बनाए गए थे, जो देखने में काफी आकर्षक लग रहे थे। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना, ड्रामा, बेटी हिंदुस्तान की, जीना है तो पापा शराब नहीं पीना आदि एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। दर्शकों द्वारा भी बच्चों के प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की गई। उपस्थित अतिथियों ने भी अभिभावक से आग्रह किया कि बच्चों को शिक्षा से जोड़े। शिक्षा ही एक ऐसी चीज है, जिसे कोई बांट नहीं सकता है। अगर बच्चें शिक्षित होंगे तो प्रखंड के साथ-साथ देश का विकास होगा। कार्यक्रम के समापन के बाद मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को प्रशस्ति पत्र सील्ड, मॉडल से सम्मानित किए। इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। वहीं विद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर सरफराज अली ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम करने से बच्चों में पढ़ाई के साथ साथ समाज से जोड़ने का प्रेरणा मिलती है। जिससे बच्चों का मानसिक विकास होता है। मौके पर विद्यालय के व्यवस्थापक अकबर अली,रमेश सिंह, कालिका सिंह, नौशाद अंसारी, पंकज कुमार, लैला बानू, जूली खातून, गीता कुमारी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का अहम भूमिका रही।

# एक माह तक लोगों को संचारी रोगों के प्रति किया जाएगा जागरूक

**केटी न्यूज/बलिया**

कलेक्ट्रेट सभागार के परिसर से शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ हुआ।इस मौके पर लोक भवन से आयोजित मुख्यमंत्री जी के शुभारंभ का सजीव प्रसारण भी देखा गया। साथ ही सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त एवं दयाशंकर सिंह परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वार जन-जागरूकता रैली एवं वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियो ने सभी विभागों को अपने दायित्व को पूरी तरह से निर्वहन करने का निर्देश दिये। इस अभियान के तहत जहां घर-घर जाकर संचारी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है वहीं इन रोगों को नियंत्रित करने के लिए जांच और तेज की जाएगी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जयन्त कुमार ने बताया कि जनपद में आज यानि एक अप्रैल

- सांसद मस्त एवं परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने अभियान को दिखाई हरी झंडी

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो रहा है। यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों व लू आदि से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसी बीच 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान भी संचालित किया जाएगा। इस वर्ष जिले में मलेरिया की 3.60 लाख जांच करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने वर्ष वार चिन्हित मरीजों का आंकड़ा भी बताया। मलेरिया के वर्ष 2022 में 2, वर्ष 2021 में शून्य मरीज चिन्हित किए गए थे।

**चलाया जा रहा विशेष संचारी रोग अभियान :** नोडल अधिकारी डॉ अभिषेक



मिश्रा ने बताया कि जो बीमारी एक मरीज से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति में दूषित भोजन, जल या संपर्क या कीटनाशक या जानवर से फैलती है उसे संचारी रोग कहते हैं। इसमें प्रमुख रूप से डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, कालाजार, चिकिनगुनिया, क्षय और कुष्ठ रोग आदि हैं। इन्हीं बीमारियों को नियंत्रित करने के लिए विशेष संचारी रोग अभियान चल रहा है। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग एक नोडल के रूप में कार्य कर रहा है जबकि अन्य विभागों को सहयोग करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस अभियान के तहत घर-घर सर्वेक्षण कर फ्लू, खांसी, बुखार के रोगियों व कुपोषित बच्चों की जांच की जाएगी। अभियान के दौरान आशा संगिनी, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रमुख भूमिका में घर-घर जाकर अभियान सफल बनाएंगी। उन्होंने बताया कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस पर जिले में मलेरिया निगरानी में सुधार और वार्षिक रक्त परीक्षण दर 10 तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

**कालाजार व फाइलेरिया पर रहेगा जोर :** नोडल अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि भारत सरकार ने 2025 तक फाइलेरिया और वर्ष 2023 के अंत तक कालाजार खत्म करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में कालाजार से प्रभावित गांवों में शत-प्रतिशत आवासों को पक्का और बालू मक्खी प्रतिरोधी बनाया जाएगा। फाइलेरिया प्रभावित गांवों में माइक्रोफाइलेरिया की दर शून्य के तय लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक परीक्षण किया जाएगा। हाथी पांव या लिम्फेडेमा के रोगियों को स्व-देखभाल के लिए एमएमडीपी किट के वितरित के साथ हाइड्रोसील रोगियों की सर्जरी सुनिश्चित की जाएगी।

## चालक को बनाया था बंधक, हाथ पैर बांध कंबल में लपेट फेंका

# ट्रक लूटकांड में अंतरराजीय अपराधी गिरफ्तार, 15 लाख का माल बरामद

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

वाराणसी हाईवे पर बीते 19 मार्च को ट्रक चालक को पीटकर ट्रक लूटकर भागने वाले आठ अपराधियों को शनिवार को पुलिस ने दबोच लिया। सभी को थाने लाकर पूछताछ की और लाखों के माल की बरामदगी भी की। गाजीपुर, बक्सर और भभुआ के रहने वाले इन शातिर अपराधियों की पिछली वारदातों में संलिप्तता की जानकारी भी मिली। अभियुक्तों से 15 लाख का माल और डेढ़ लाख रुपये नगद बरामद किए। सभी के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

वाराणसी के रोहनिया कोतवाली क्षेत्र में 19 मार्च को रात्रि में कटरियों बसन्तनगर थाना अलीनगर चन्दौली निवासी राम कुमार यादव उर्फ छोटू माल लदा ट्रक लेकर जा रहा था। अखरी बाईपास के पास कुछ अज्ञात लोगों ने हाथ देकर ट्रक रुकवाया और लिफ्ट मांगने के बहाने मुंह पर कंबल डालकर ट्रक चालक को बंधक बना लिया। अपराधियों ने ट्रक



- चालक की बरामदगी के बाद पुलिस ने की छापेमारी और बरामद हुआ ट्रक
- लूटकांड में बक्सर और भभुआ के अपराधी भी शामिल

को कब्जे में लेकर राम कुमार को छोटी गाड़ी में हाथ पैर बांधकर सहेणी गांव के पास खेत में फेंक दिया और ट्रक लेकर फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर अपराधियों की तलाश शुरू कर दी और शनिवार को सभी गिरफ्त में आ गए।

**बिहार के दो अपराधी भी थे लूट में शामिल :** आरोपियों में सात लुटेरे गाजीपुर के दिलदारनगर और जमानियां कोतवाली क्षेत्र के निवासी हैं। इसके दो साथी बिहार के रहने वाले हैं। अपराधियों में संजय सिंह निवासी तियरी थाना जमानियां गाजीपुर, सन्दीप जायसवाल निवासी जैदपुर मोहल्ला कस्बा जमानियां थाना जमानियां गाजीपुर, मुज्जमिल खान निवासी ताजपुर कुर्रा थाना दिलदार नगर गाजीपुर, अशोक यादव निवासी ग्राम उसिया थाना थाना दिलदारनगर गाजीपुर, सोनू कुमार निवासी किदवईनगर रामलीला मैदान थाना दिलदारनगर गाजीपुर, हसीब खान निवासी ताजपुर कुर्रा थाना दिलदारनगर गाजीपुर के निवासी हैं। उनके साथ बिहार के बक्सर जनपद के इंडस्ट्रियल थाना क्षेत्र के बड़की सारीपुर निवासी दिनेश कुमार और जनपद के भभुआ थाना के रामगढ़ अखनी निवासी शौकत खान को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

**पुलिस ने माल लदा ट्रक किया बरामद :** ट्रक चालक की बरामदगी के बाद पुलिस ने माल लदा ट्रक भी बरामद किया। अभियुक्तगण के कब्जे से व उनकी निशानदेही पर भिन्न-भिन्न स्थानों से लगभग 15 लाख रुपये का सामान और 1 लाख 45 हजार रुपये नकद बरामद किए। घटना में प्रयुक्त कार और ट्रक को कब्जे में लिया। इसमें 87 पेटी शेम्पू व साबुन व घटना में प्रयुक्त कार, 328 पेटी/बोरा माल चायपत्ती, 206 पेटी साबुन लाइफबाय तथा 34 पेटी शेम्पूऔर 90 पेटी/बोरा बरामद की।

## सड़क निर्माण में गुणवत्ता के मामले में डीएम ने दिया एफआईआर का आदेश



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जमनियां विधायक द्वारा सड़क की गुणवत्ता जांच करने का मामला सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आया है। जिसे जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने संज्ञान लेते हुए तत?काल कार्रवाई का निर्देश दिया है। डीएम ने सड़क का निर्माण करने वाले ठेकेदार श्रेमा कंट्रक्शन काजीटोला गाजीपुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का भी आदेश दिया है। सड़क की गुणवत्ता की जांच करने के लिए एक टेक्निकल टीम बनाई गई है। रिपोर्ट के आधार पर पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता के खिलाफ कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरुप पूरे जनपद में भ्रष?टाचार मुक?त विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जो लोग विकास कार्यों में गड़बड़ी करेंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।

इस मामले में जखनियां से विधायक बेदी राम ने कहा कि सरकार की मंशा है कि भ्रष्टाचार खत्म किया जाए, लेकिन सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार धड़ल्ले से चल रहा है। विधानसभा में भी भ्रष्टाचार को लेकर भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई करने का मुख्यमंत्री का आदेश प्रदेश में कहीं न कहीं फेल दिखाई दे रहा है। मेरे द्वारा जीस सड़क का जांच किया गया, वह भ्रष्टाचार की कोख से निकला हुआ था, जो सड़क पैरों से खरोचने पर उखड़ रही हो, उस पर वाहन चलने पर क्या होगा यह सबको पता है। अगर यही हाल रहा तो जितनी तेजी से प्रदेश की सड़कें बन रही हैं। सरकार के बीच में ही जस की तस दिखाई देंगी। लेकिन मुख्य रुप से अधिकारी और ठेकेदार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

## किसानों को मशरूम उत्पाद करने के लिए किया प्रोत्साहित, एक चक्र पूरा होने में 40 दिन

**केटी न्यूज/मऊ**

जिले में शनिवार को डीएम अरुण कुमार ने ग्राम बहरीपुर में संचालित एयर कंडीशन मशरूम उत्पादक यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मशरूम उत्पादक यूनिट के स्वामी कुशाग्र विक्रम सिंह ने उत्पादन से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारियों को साझा किया।

डीएम द्वारा उत्पाद के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। मौके पर उपस्थित कृषि उपनिदेशक एसपी श्रीवास्तव ने बताया कि इस एयर कंडीशन मशरूम उत्पादक इकाई के दो चैंबरों से एक चक्र में 3 हजार बैग के माध्यम से लगभग 6 हजार किलोग्राम मशरूम का उत्पादन हो सकता है। एक चक्र पूरे होने में कुल 40 दिन लगते हैं। इस प्रकार पूरे 1 साल में 9 चक्रों में मशरूम उत्पादन का कार्य किया जा सकता है। जिससे लगभग 54 हजार किलोग्राम मशरूम का उत्पादन हो सकता है।

उन्होंने बताया कि दो चैंबर वाले एयर कंडीशन मशरूम उत्पादक यूनिट की स्थापना की। प्रारंभिक लागत लगभग 20 लाख रुपए होती है। डीएम ने उपनिदेशक कृषि को जिले के किसानों को अच्छी आमदनी के दृष्टिगत मशरूम उत्पादन के लिए प्रेरित करने को कहा। जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। साथ ही रोजगार को भी बढ़ावा मिल सके। उन्होंने उपनिदेशक कृषि को इस संबंध में विकास खंड स्तर पर किसानों के साथ बैठक कर उन्हें मशरूम उत्पादन के लिए प्रेरित करने को कहा। डीएम ने कहा कि अधिक मशरूम उत्पादन से जिले इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा।

# शराब दुकान के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा, झाड़ू लेकर किया प्रदर्शन

- नशे में धूत होकर महिलाओं से छेड़खानी करने का लगाया आरोप
- एसपी से मिलकर शराब की दुकान हटाने की मांग की गई थी

**केटी न्यूज/बलिया**



शहर कोतवाली क्षेत्र के राजेंद्र नगर में शनिवार को महिलाओं ने हाथों में झाड़ू लेकर शराब दुकान के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि घनी आबादी में शराब की दुकान खुल जाने से आए दिन तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पियक्कड़ शराब पीने के बाद नशे में धूत होकर महिलाओं से छेड़खानी करते हैं। ऐसे में इस घनी आबादी से शराब की दुकान हटाना बेहद आवश्यक हो गया है।

इस दौरान महिलाओं ने शराब की दुकान बंद करो, आबकारी अधिकारी हाय हाय के नारे भी लगाए। महिलाओं का नेतृत्व कर रही दुर्गा देवी ने कहा कि बीते दिनों इसे लेकर एसपी राजकरन नैय्यर से मिलकर शराब की दुकान हटाने की मांग की थी। लेकिन एसपी साहब ने कहा था कि शराब की दुकान हटाना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। आप लोग जिलाधिकारी या आबकारी अधिकारी से शिकायत कीजिए। इसके बाद हम लोग कई बार आबकारी अधिकारी के पास भी जाकर शिकायत किए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। ना शराब की दुकान हटी और ना ही पियक्कडों की छींटाकशी कम हुई। इस दौरान महिलाओं ने चेताया कि यदि जल्द से जल्द दुकान को अन्त्र हटाई नहीं गई तो हम लोग सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर आशा देवी, किरण देवी, शायरा बानो, मुमताज आदि महिलाएं मौजूद रही।

## जनपद में जिला पंचायती राज अध्यक्ष ने किया संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

# आशा कार्यकर्ता संचारी रोग के संबंध लोगों को जागरूक करें: सपना सिंह

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह और मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने जिला पंचायत सभागार में मां सरवस्ती के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्जवलित कर किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को शपथ दिलाई गई और रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद कक्षा एक व कक्षा सात के छात्र व छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक एवं नामांकन फार्म भरकर बच्चों को वितरण भी किया गया और बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान जो 1 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में उन्होंने कहा कि आशा कार्यकत्री संचारी रोग नियंत्रण के बारे घर घर जाकर लोगों को





जागरूक करते हुए साफ सफाई, जलभराव, कूलर में पानी, पीने का पानी, टूटे-फूटे बर्तन, टायर में पानी इकट्ठा नहीं होना चाहिए, इसके बारे में बताएंगे। स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत उन्होंने कहा कि 6 साल से 14 साल के बच्चों के लिए अध्यापक घर-घर जाकर उत्साहित करेंगे। शासन द्वारा बच्चों को पठन सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह पाए, ये सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सरकार की मंशा है कि हर घर के बच्चो को उच्च शिक्षा मिले, जिससे कि आने वाले समय में डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर एवं अधिकारी बन सके।

कार्यक्रम के अन्त में बच्चों द्वारा निकाली गई रैली में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाडी कार्यकर्ता के साथ ही मलेरिया विभाग के कर्मचारी, नगर पालिका के कर्मचारी व अन्य लोग शामिल रहे, जो रैली के माध्यम से आमजन में जन जागरूकता फैलाने का काम करेंगे। इसके पूर्व इस अभियान को लेकर सभी विभागों में समन्वय बैठाने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 22 एवं 29 मार्च को डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक भी कराई जा चुकी है। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ उमेश कुमार, एमके सिंह, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ विनय शंकर, यूनिसेफ से श्री बलवंत सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### पेड़ से टकराई एसएसबी जवान की कार, मौत



**बलिया।** जनपद के लालगंज रानीगंज बाजार से अपने घर रामनगर लौटते समय सोनबरसा-दलनछपरा मार्ग पर शनिवार की दोपहर बाद रामनगर निवासी एसएसबी के जवान 45 वर्षीय संतोष कुमार सिंह पुत्र श्यामदेव सिंह की स्विफ्ट डिजायर कार पेड़ से टकरा गई। जिससे जवान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि संतोष सिंह छुट्टी में अपने घर आया था। शनिवार को अपने पालतू कुत्ते को अपनी स्विफ्ट डिजायर कार में बैठाकर खुद कार चलाकर बैरिया बाजार आये थे। बाजार में खरीदारी करके वापस लौटते समय उनकी कार असंतुलित होकर भगवानपुर गांव के निकट सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार चिपट गई थी। मौके पर ही संतोष सिंह व कुत्ते की मौत हो गई थी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची दोकटी पुलिस ने जेसीबी बुलाकर गाड़ी को पेड़ से अलग कराया तथा कटर से काटकर संतोष सिंह व कुत्ते के शव को बाहर निकाला गया। संतोष सिंह अपने मां बाप के इकलौते संतान थे। उनको एक पुत्र व एक पुत्री हैं। संतोष सिंह एसएसबी में गोरखपुर में तैनात थे। संतोष सिंह की मौत से परिवार में कोहराम मच गया हैं। थानाध्यक्ष मदन पटेल ने बताया कि शव का पचांयतनामा भरकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया गया हैं।

### गायत्री परिवार का अभियान, ग्रामे ग्रामे यज्ञ-गृहे गृहे देव स्थापना की टोली गायत्री शक्तिपीठ से रवाना

**बलिया।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के अभियान के अंतर्गत वंदनीय माता जी के जन्म शताब्दी वर्ष में ग्रामे ग्रामे यज्ञ-गृहे गृहे देव स्थापना कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को हुआ। गायत्री शक्तिपीठ महावीर घाट से अभियान के लिए गठित 30 टोलियां रवाना हुईं। शक्तिपीठ प्रभारी विजेंद्र नार चौबे ने तिलक लगाकर अभियान के योद्धाओं को रवाना किया। गायत्री परिवार का पूरे देश को गायत्री मय करने का अभियान चला रहा है। गायत्री परिवार की वंदनीय माता जी के जयंती वर्ष को परिवार इसी रुप में आयोजित कर रहा है। बलिया जनपद में प्रत्येक घर में देव स्थापना के लिए 300 अनुग्राहियों की टीम 30 टोली में विभक्त हुई है। समस्त 950 ग्राम सभा में गायत्री साधकों द्वारा प्रत्येक ग्राम में दो दिवसीय कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार रविवार को चलाया जाना है। प्रथम दिवस शनिवार को ग्राम प्रदक्षिणा एवं देव स्थान पर दीप महायज्ञ तथा द्वितीय दिवस गायत्री महायज्ञ एवं गायत्री, गंगा व देव स्थापना  कम से कम 24 घरों में किया जाएगा। 2026 तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ शनिवार को हुआ। गायत्री शक्तिपीठ परिसर से जिला प्रभारी विजेंद्र नाथ चौबे ने सभी को तिलक लगा रवाना किया।



### डीआईओएस ने किया लूदर्स कांवेन्ट बालिका इंटर कालेज में नये शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

**गाजीपुर।** लूदर्स कांवेन्ट बालिका इंटर कालेज में नये शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक नाथ तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर एवं प्रतीकात्मक रुप में शिक्षक व शिक्षिकाओं को जलती हुई मोमबत्ती एवं घड़ा देकर किया गया। उन्होंने शिक्षक के गुणों की व्याख्या करते हुए कहा कि शिक्षक अपने शिष्यों के लिए मोमबत्ती की लौ की तरह जलता है, कुम्हार के घड़े की तरह तराशता है एवं माली की तरह अपने पौधे की देखभाल करता है। इस दौरान जिलाविद्यालय निरीक्षक बच्चों को सरकारी पुस्तकों का वितरण किये। उन्होंनें छात्राओं को कठिन परिश्रम कर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में बन रहे मध्याह्न भोजन व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होने भोजन का स्वाद भी चखा। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक मदन कुमार राय को सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सिस्टर संजीता एवं सिस्टर प्रीति के द्वारा विद्यालय के नियमों का पालन करने एवं अनुशासन के प्रति छात्राओं को जागरुक किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर अल्फोंसा ने छात्राओं को नये सत्र की नई कक्षा में पहुँचने की बधाई देते हुए अपने लक्ष्य को निर्धारित कर कठिन परिश्रम से प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सिस्ट अंजना, सिस्ट मर्सिया, मीरा चतुर्वेदी, रीता सिंह, मयंक कुमार यादव, अनिता उपाध्याय, श्वेता राय, गार्गी उपाध्याय एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।





### कुकूड़ा में सूबेदार रामबचन यादव का पार्थिव शरीर पहुंचते ही अंतिम दर्शन को उमड़ी भीड़

**गाजीपुर।** जनपद के कुकूड़ा गांव निवासी रामबचन यादव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव सुबह लाया गया, जहाँ भारी जनसैलाब उनको अंतिम सलामी देने के लिए उमड़ पड़ा। बता दें कि रामबचन यादव जम्मू के राजौरी में 200 फील्ड रेजिमेंट सूबेदार के पद पर तैनात थे। सेना द्वारा दो दिन पहले देर रात परिजनों को रामबचन यादव के शहीद होने की खबर दी गई। दुखद सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। राजौरी में तैनात शहीद रामबचन यादव उग्रवादियों की गोली से क्रॉस फायरिंग में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद रामबचन यादव ने अस्पताल में अंतिम सांस ली। वहां से शहीद रामबचन यादव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गाँव अंतिम दर्शन के लिए लाया गया, इसके बाद गाजे बाजे के साथ शहीद सैनिक की शव यात्रा चौचकपुर के गंगा घाट पर पहुंची, जहां सैनिक सम्मान के साथ सैनिक का अंतिम संस्कार किया गया। शहीद की शवयात्रा में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव और सदर विधायक जै किशन साहू के साथ हजारों  क्षेत्रीय लोग शामिल हुए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने शहीद के शव पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि गाजीपुर शहीदों की धरती रही है। जब- जब इस देश को जरूरत पड़ी है, जनपद के नौजवानों ने अगली कतार में खड़े होकर अपने लहू से इस देश की धरती को सींचने और संवारने का काम किया है। आए दिन देश के लिए सीमा पर शहीद हुए नौजवानों का पार्थिव शरीर आता है। उनकी शहादत से हम हमेशा गौरवान्वित होते आ रहे हैं और हमारी क्षाती चौड़ी होती रही है। देश की सीमा पर शहीद हुए नौजवानों के परिवार के साथ समाजवादी पार्टी हमेशा खड़ी रही है और रहेगी। जिन वीर जवानों की वजह से पूरा देश चैन की नींद सोता है, उनके शहीद होने पर उनके परिवार के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने  इस अवसर पर नेता मुलायम सिंह को याद करते हुए कहा कि यह उन्हीं की दी हुई व्यवस्था है कि आज शहीदों की लाश उनके घर पर आ रही है।

